पंजियन क्रमांक MPHIN33812 / 2016 TC

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिक पत्र

सह सम्पादक-बृजेश शर्मा

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा

वर्ष-८ अंक-०१ रविवार ०२/०१/२०२२ पृष्ठ-२ मूल्य-२

## अब सिर्फ इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदेगी महाराष्ट्र सरकार,

*महाराष्ट्र की ठाकरे सरकार ने नए साल में एक और नई घोषणा की है। प्रदेश के पर्यावरण मंत्री ने ऐलान किया कि 1 जनवरी से राज्य सरकार की ओर से खरीदी जानेवाली या भाड़े पर ली जानेवाली सभी गाड़ियां इलेक्ट्रिक ही होंगी। वैसे राज्य सरकार ने यह फैसला पहले ही ले लिया था, इसे 1 अप्रैल 2022 से लागू किया जाना था। लेकिन आदित्य ठाकरे ने साफ कर दिया दिया कि 1 जनवरी से ही ये लागू होगा। इस फैसले के तहत राज्य की सभी सरकारी गाड़ियां इलेक्ट्रिक से चलने वाली होंगी। आदित्य ठाकरे ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'महाराष्ट्र सरकार ने पर्यावरण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहने और नागरिकों को इसके लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फैसला किया है*

## एलओसी पर भारत मे घुस रहा था पाक सैनिक भारतीय सैना ने गोलियों से भुना ।

*जम्मू–कश्मीर में कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में एलओसी पार करके भारत में घुसने की कोशिश करने वाले पाकिस्तानी सैनिक को भारतीय जवानों ने गोलियों से भून दिया। रविवार को भारतीय सेना ने शनिवार शाम हुई घुसपैठ की इस कोशिश की जानकारी मीडिया को दी है। सेना के एक सीनियर अफसर ने कहा– घुसपैठिए की पहचान मोहम्मद शब्बीर मलिक के तौर पर हुई है। वह पाकिस्तानी सैनिक है। मरने वाला पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम बेट का मेंबर हो सकता है।बता दें कि पाकिस्तान की बेट पहले भी भारतीय सीमा में घुसकर हमला करने की कोशिश करतीरही है। मीडिया को घुसपैठिए के मारे जाने के बाद की यह तस्वीर*



फरवरी में किए गए सीजफायर समझौते का पूरी तरह उल्लंघन है। मृतक के पास से एके-४७ रायफल, कुछ दूसरे हथियार और ७ हैंड ग्रेनेड भी मिले। भारत ने हॉटलाइन के जरिए पाकिस्तान से अपने सैनिक

*तरफ से की गई यह हरकत इस साल सैन्य सोर्स ने दी है।मेजर जनरल एएस पंढारकर ने कहा– हमें जैसे ही घुसपैठ का पता चला हमने घुसपैठिए को मार गिराया। पाकिस्तान कीकी लाश ले जाने के लिए कहा है। पाकिस्तानी सेना ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। घुसपैठिए के पास था पाकिस्तानी कार्ड पंढारकर ने बताया– शनिवार शाम को स-।ब के पास पाकिस्तानी इलाके में एक आदमी को हथियार के साथ नोटिस किया गया। इसके बाद लगातार इसके मूवमेंट को मॉनिटर किया गया और जब इसने भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की तो इसे मार गिराया गया। छानबीन के दौरान इसके पास से पाकिस्तानी कार्ड और कोविडवैक्सीनेशन सर्टिफिकेट मिला है। इस घटना से पता चलता है कि पाकिस्तान लगातार भारतीय सीमा पर आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।पाकिस्तानी सेना इस वक्त कई मोर्चों पर एक साथ लड़ रही है। हाल ही पाकिस्तान सेना के सुरक्षाबलों ने उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली शहर में तालिबान के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान तालिबान की तरफ से जवाबी फायरिंग में 4 सिपाहियों की मौत हो गई। इसके अलावा अफगान तालिबान के साथ डूरंड लाइन को लेकर भी उसका विवाद जारी है। गले गले कर्ज में डूबा है देश इमरान सरकार ने अपने साढ़े 3 साल के कार्यकाल में देश आर्थिक रूप से पूरी तरह से बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया है। वहीं, दूसरी और उसके पाले हुए आतंकी ही अब उसके लिए नासूर बन गए हैं। इन सब के बाद भी पाकिस्तान सेना दूसरे देशों में घुसपैठ करने की कोशिश करती रहती है।*

## थर्टी फस्ट पार्टियों से नही श्याम भक्ति से नए वर्ष का प्रारम्भ , नीमच में अवतरित खाटू श्याम

### नये वर्ष का आरंभ, सनातन से प्रारम्भ ।



***बृजेश शर्मा –*** *नव वर्ष के शुभारम्भ की प्रथम रात्री को नीमच खाटूश्याम भक्तजनो द्वारा आयोजित भजन संध्या में भक्तों ने भरपूर आनन्द उठाया। आयोजन को काफी भव्यता पूर्वक आयोजित किया गया। जहाँ बाबा श्याम के दरबार को देख भक्त अभिभूत हुए वहीं गायकों द्वारा भी अपनी गायकी से आनन्द को चौगुना किया गया। शुरूआत गीता बेन रबारी द्वारा हुई औऱकन्हैयालाल जी मित्तल द्वारा भी भजनों सेजनताको मंत्रमुग्धकया गया। ये रहें आकर्षक के केंद्र* ***बाबा श्याम का श्रृंगार–*** *बाबा की झाँकीको देखने के लिए जनता लालायित दिखी।*

*श्याम दरबार– बाबा श्याम के सेट को भव्य बनाया गया सेट को बाबा के दरबार का स्वरूप प्रदान किया गया जिसे देखने की होड़ सी जनता में दिखी इसे देख आयोजन कर्ताओ द्वारा आग्रह करना पड़ा कि कल सँध्या 5 बजे तक सेट यथावत रहेगा सो आप धीरज रखें अव्यवस्था न बनाएं।*


***गीता बेन रेबारी–*** *दर्षकों के लिए गीता बेन की एक झलक पाने की लालसा दिखी। गीता बेन ने जहाँ अपनी गायकी से लोगो का दिल जीता वही उनके भजनों पर लोग झूम उठें।जनता में उनके लिए इतना क्रस था की व्यवस्थापको के आग्रह लालसा दिखी। गीता बेन ने जहाँ अपनी गायकी से लोगो का दिल जीता वही उनके भजनों पर लोग झूम उठें।जनता में उनके लिए इतना क्रस था की व्यवस्थापको के आग्रह के बाद भी जनता झूमने से खुद को रोक नही पाई। बेन गीता ने खाटू श्याम के भजन.... से लेकर,भगवा रंग...., देश भक्ति गीत तेरी मिट्टी में मिल...जैसे भजनों व गानों से समा बाँधा। जब गीता बेन द्वारा मोबाइल की लाइट चलवाकर तेरी मिट्टी मैं.... गाने पर आनन्द से सराबोर कर दियावही कन्हैया लाल जी मित्तल के भजनों के भी जनता को अभिभूत किया। कन्हैया लाल जी मित्तल की गायकी ने जनता का आनन्द अपने चरम पर पहुँचा।*

***बीजेपी के जन नेता–*** *इस मंच पर सांसद महोदय श्री सुधीर जी गुप्ता, नीमच विधायक महोदय दिलीपसिंह जी परिहार, मध्यप्रदेश केबिनेट मंत्री जावद विधायक श्री ओमप्रकाश जी सकलेचा ,नीमच न पा अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन व अन्य नेता मंच पर अथिति थे सभी जन प्रतिनिधियों ने रेम्प पर चल जनता का अभिवादन भी किया।*

*नए वर्ष के शुभारंभ पर इस आयोजन को जनता का अताह स्नेह मिला सभी कलाकार भी इस जन सैलाब से सराबोर थे व्यवस्थापको द्वारा सफल प्रयास किया गया आयोजन की सफलता का परन्तु जनता को भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए व्यवस्थाओं को सुगम बनाने का प्रयास ऐसे आयोजनों की सफलता की ग्यारंटी बनता हैं ।*

## एम पी में हो सकती है बारीश ,अब छाने लगेंगे बादल, सर्दी बरकरार

*भोपाल । वर्तमान में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ जम्मू–कश्मीर पर बना हुआ है। एक तीव्र आवृत्ति का पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उसके आसपास मौजूद है। इस सिस्टम के सोमवार को हिमालय के उत्तर–पश्चिम क्षेत्र में प्रवेश करने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इसके असर से मंगलवार से प्रदेश में बादल छाने लगेंगे। हवा का रुख उत्तरी एवं उत्तर–पूर्वी बना हुआबुधवार से प्रदेश के कई जिलों में गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने का सिलसिला भी शुरू हो सकता है। उधर, हवा का रुख उत्तरी एवं उत्तर–पूर्वी बना हुआ है। इसके चलते रात में सिहरन बरकरार है। रविवार को प्रदेश में सबसे कम पांच डिग्री सेल्सियस तापमान ग्वालियर एवं नौगांव में दर्ज किया गया।प्रदेश में तापमान में*



*उतार–चढ़ाव का क्रम जारी मध्य प्रदेश के मौसम का हाल कोहरा औरबादल के कारण दिन में ठिठुरन बढ़ी, चार जनवरी के बाद फिर बारिश होने की संभावनामध्य प्रदेश के मौसम का हाल रू कोहरा और बादल के कारण दिन में ठिठुरन बढ़ी, चार जनवरी के बाद फिर बारिश होने की संभावना मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में तापमान में उतार–चढ़ाव का क्रम जारी है। सोमवार को भी मौसमका मिजाज इसी तरह बना रहने की संभावना हमंगलवार को इसके असर से वातावरण में नमी आने से प्रदेश के अधिकांश जिलों में बादल छाने लगेंगे। बुधवार से भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम (होशंगाबाद), उज्जैन संभाग के जिलों में रुक–रुककर बौछारें पड़ सकती हैं। सात जनवरी को भी एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में प्रवेश करने के संकेत मिले हैं। इस वजह से बारिश का सिलसिला नौ जनवरी तक बना रह सकता है। उसके बाद मौसम साफ होने पर एक बार फिर रात के तापमान मेंगिरावट शुरू होगी।*

## कोरोना काल मे नही हुई मौत ग्रामीणो ने मुण्डवाए सर पुरी करी मिन्नत

देवरी ख़वासा मे ग्रामीण जनों ने मांगी थी मन्नत, कोरोना काल में नहीं हुई एक भी मौत, एक साथ करवाया मुंडन



*मनासा तहसील के ग्राम देवरी खवासा के युवाओं ने सामूहिक रूप से करवाया मुंडन ।शुक्रवार को इस मुंडन कार्यक्रम में 15 से 70 वर्ष आयु तक के लोगों ने सहभागिता की। दरसल ग्रामीणजनों ने कोरोना काल में देवनारायण मन्दिर पर मन्नत मांगी थी कि यदि गांव में कोरोना महामारी वजह से किसी भी व्यक्ति कीक मौत नहीं होगी तो सभी युवा सामूहिकरूप से मुंडन कराएंगे। इसी मन्नत को पूरी करने के लिए आज गांवके प्रत्येक युवा व वरिष्ठ आगे आए और उन्होंने सामूहिक रूप से मुंडन कराया व पूरे गांव के सामूहिक भोज का आयोजन किया गया । गांव में 96 लोगों ने एक साथ मुंडन करवाया । साथ ही सभी मंदिरों पर जुलूस के साथ पहुंच माला चढ़ाकर भगवान से प्रार्थना की इस आयोजन में गांव के सभी ग्रामीण जनों ने हिस्सा लिया व सामूहिक प्रतिभोज करवाया।*

डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध

# २ साल बाद सस्ते हो जाएंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल, पेट्रोल-डीजल की गाड़ियों के बराबर होगी कीमत




इलेक्ट्रिक कार की बिक्री को बढ़ाने के लिए सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। फेम स्कीम के तहत इन वाहनों पर सब्सिडी दी जा रही है। हालांकि इसके बाद भी इनकी कीमत पेट्रोल और डीजल गाड़ियों के मुकाबले बहुत ज्यादा है। ऐसे में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भरोसा दिलाया है कि अगले 2 साल में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमतें पेट्रोल–डीजल की गाड़ियों के बराबर हो जाएंगी। गडकरी ने द सस्टेनेबिलिटी फाउंडेशन, डेनमार्क की ओर से कराए एक वेबिनार में कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल को चलाने की लागत पेट्रोल वाहनों की तुलना में बहुत कम है। इसलिए बहुत जल्द ही इन्हें बड़े स्तर पर अपनाया जाएगा। इससे इनकी कीमत में भी कमी आएगी। उन्होंने दावा किया कि दो साल बाद पेट्रोल और इलेक्ट्रिक गाड़ियां एक ही कीमत पर बिकनी शुरू हो जाएंगी। ई–व्हीकल पर लगने वाला सिर्फ 5:गडकरी ने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल पर महज 5: है, जबकि पेट्रोल वाहनों पर 48: है। मौजूदा समय में इलेक्ट्रिक व्हीकल की बैटरी में इस्तेमाल होने वाले लिथियम की ज्यादा कीमत ने इलेक्ट्रिक वाहनों की लागत को बढ़ा दिया है। हालांकि भविष्य में लिथियम के ज्यादा प्रोडक्शन से कीमतों में कमी आएगी। इसकी वजह से इलेक्ट्रिक वाहन की कीमत में भी गिरावट देखने को मिलेगी। देश में चार्जिंग पॉइंट तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है। सरकार ने पेट्रोल पंप परिसर में भी इन्हें लगाने की इजाजत दे दी है।लथियम बैटरी का 81: प्रोडक्शन देश मेंलिथियम बैटरी की कीमत कम करने की दिशा में काम हो रहा है। लिथियम बैटरी की कुल जरूरत का 81: प्रोडक्शन लोकल लेवल पर हो रहा है। सस्ती बैटरी कैसे उपलब्ध कराई जाए, इस पर भी रिसर्च जारीहै। हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक 30: प्राइवेट कार, 70: तक कॉमर्शियल कार और 40: बसें इलेक्ट्रिक हा` जाएं। चार्जिंग पॉइंट पर लगातार काम हो रहा सरकार का लक्ष्य भारत को इलेक्ट्रिक व्हीकल का मैन्युफैक्चरिंग सेंटर बनाना है। वर्तमान में बजाज और हीरो जैसी भारतीय टू–व्हीलर कंपनियों के बनाए 50: ई–वाहनों का निर्यात किया जाता है। अगले दो साल में देश में हजारों चार्जिंग पॉइंट बनाए जाएंगे। सड़क के साथ–साथ बाजार क्षेत्रों में 350 चार्जिंग पॉइंट लगाने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी गई है। पेट्रोल पंपों को भी अपने कैंपस में ई–वाहन चार्जिंग सुविधाएं लगाने की इजाजत दी गई है।

# चीनी करतुत अरुणाचल के स्थानो के नाम बदले , भारत ने किए खारिज l




चीनी सरकार ने अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश के 15 स्थानों का नाम बदल दिया है। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान जारी किया। कहा कि उनके पास अरुणाचल प्रदेश में 15 स्थानों के लिए मानकीकृत नाम हैं। जिनका इस्तेमाल चीनी मैप पर किया जाएगा। यह दूसरी बार है जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश के स्थानों के नाम बदले हैं। 2017 नें चीन ने 6 स्थानों के नाम बदल दिए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है। नाम बदलने से तथ्य नहीं बदलते है।

नया कानून पारित बता दें 23 अक्टूबर को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति ने देश की भूमि सीमा के संरक्षण का हवाला देते हुए नया कानून पारित किया था। समिति ने कहा था, नया कानून 1 जनवरी से लागू होगा। कानून विशेष रूप से भारत के साथ बॉर्डर के लिए नहीं है। चीन 14 देशों के साथ अपनी 22,457 किमी जमीन साझा करता है, जो मंगोलिया और रूस के साथ सीमाओं के बाद तीसरी सबसे लंबी है। कानून में 62 अनुच्छेद नया सीमा कानून में 62 अनुच्छेद और 7 अध्याय हैं। कानून के अनुसार सरकार अपनी सभी भूमि सीमाओं पर बॉर्डर चिह्न स्थापित करेगा। कानून में कहा गया, टपीपुल्स लिबरेशन आर्मी और चीनी पीपुल्स आर्म्ड पुलिस फोर्स सीमा पर सुरक्षा बनाए रखेंगे।श कानून किसी भी पक्ष को बॉर्डर क्षेत्र में किसी भी गतिविधि में शामिल होने से रोकता है। यह भी कहा गया है कि नागरिकों और स्थानीय संगठनों को सीमाओं की सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ सहयोग करना होगा। भारत के साथ सीमा विवाद भारत के साथ सीमा विवाद के बीच यह कानून आया है। विशेषज्ञों का कहना है कि बीजिंग वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मौजूदा स्थिति में अपनी एड़ी चोटी का जोर लगा सकता है। भारत का दावा है कि चीन पूर्वी लद्दाख की सीमा से लगे अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रहा है।

# सीएम हाउस का घेरव करने पर ओबीसी महासभा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी

सीएम हाउस का घेराव करने जा रहे ओबीसी महासभा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की कांग्रेस ने की निंदा ओबीसी महासंघ द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री आवास के घेराव के लिए भोपाल में जुटे संगठन पदाधिकारियों की गिरफ्तारी की मध्य प्रदेश कांग्रेस ने निंदा की है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बुलाई गई पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल और प्रदेश कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष रामनिवास रावत ने कहा कि भाजपा सरकार ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने जा रहे पिछड़ा वर्ग संगठन के पदाधिकारियों के खिलाफ जो कार्रवाई की है, वह बेहद आपत्तिजनक है। लोकतंत्र में सबको अपनी बात रखने का अधिकार है। वे ओबीसी आरक्षण को लेकर संगठन अपनी बात रखने जा रहे थे। इसमें कुछ भी असंवैधानिक नहीं था। ऐसे में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई निंदनीय है। इससे साफ है कि भाजपा ओबीसी विरोधी है। यह बात त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के समय भी सामने आ चुकी है।

# एमपी में कोरोना की तीसरी लहर को तैयार सीएम

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि



प्रधानमंत्रीजी के कुशल नेतृत्व में हम सब मिलकर तीसरी लहर से मुकाबला करेंगे और इसके लिए सबसे पहले जिला, विकासखंड, पंचायत और वार्ड स्तर की क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों को पूरी ताकत से सक्रिय होना पड़ेगा।मुख्यमंत्री जिला, विकासखंड व ग्राम स्तरीयक्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा क्रक्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि गांव और वार्ड में अगर होम आइसोलेशन होता है तो ऐसे मरीजों पर नजर रखनी पड़ेगी कि वह नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं और हमें उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी लेनी पड़ेगी। कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन सुनिश्चित करना पड़ेगा।शिवराज ने कहा कि ग्राम स्तरीय, पंचायत स्तरीय और वार्ड स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों से मैं निवेदन करना चाहता हूं कि खांसी, सर्दी, जुकाम और हल्के बुखार को गंभीरता से लें। ऐसे लक्षण हैं तो तुरंत उनका आरटीपीसीआर टेस्ट कराएं। हमें नजर रखनी पड़ेगी कि कोई यह छुपाए नहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्वमें हमने कोविड की पहली लहर का मुकाबला किया और दूसरी लहर से भी हम लड़े हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का ही कमाल है कि देश में टीके के 140 करोड़ डोज़ लग चुके हैं। सीएम ने कहा कि 15 से लेकर 18 वर्ष तक के बेटे–बेटियों का वैक्सीनेशन युद्ध स्तर पर कराना है। आप टारगेट बना लो कि हम ऐसे सभी बच्चों का टीकाकरण कराकर ही चौन की सांस लेंगे। खोज–खोजकर सभी बच्चों का टीकाकरण पूरा कराना है।

# पशिचम बंगाल मे आंशिक लॉकडाउन।



पश्चिम बंगाल में आंशिक लॉकडाउन, सोमवार से सभी स्कूल, कॉलेज, पार्क, जिम, स्पा, सैलून आदि बंद

कोरोना के खतरे को देखते हुए पश्चिम बंगाल सरकार ने आंशिक लॉकडाउन का ऐलान कर दिया है। प्रदेश में सोमवार से सभी स्कूल, कॉलेज, पार्क, जू, स्पा, सैलून, जिम आदि बंद रहेंगे। दिल्ली और मुंबई से होनेवाली फ्लाइट ऑपरेशन को भी हफ्ते में सिर्फ दो दिन के लिए सीमित कर दिया है। नये आदेश के मुताबिक 5 जनवरी से हफ्ते में सिर्फ सोमवार और मंगलवार को ही उड़ानों के आने–जाने की इजाजत होगी। देश में कोरोना महामारी की तीसरी लहर का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। दिल्ली और मुंबई में संक्रमण के मामले 48 घंटे में दोगुना हो गए हैं। पश्चिम बंगाल में भी केसेज ने रफ्तार पकड़ ली है। कोलकाता में कोविड–19 के केस पिछले तीन दिनों में 3 गुना हो गए हैं। शुक्रवार को ओमिक्रोन की संख्या 1954 हो गए। वहीं सरकार ने 3 जनवरी को नेताजी इंडोर स्टेडियम में छात्र सप्ताह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है।सिस्टम अलर्ट की घोषणा पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य विभाग और कोलकाता नगर निगम ने कोरोना वायरस के रोकने के लिए सिस्टम अलर्ट की घोषणा की है। हाईकोर्ट और जिला अदालतों ने 3 जनवरी से वर्चुअल मोड में काम करने का फैसला किया है। वहीं कैबिनेट मंत्री अरूप विश्वास भी कोरोना संक्रमित हो गए है। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।स्वास्थ्य सचिव ने दी जानकारी राज्य स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूपनिगम ने बताया कि सिस्टम अलर्ट में हॉस्पिटल, स्वास्थ्य प्रबंधन, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग को शामिल किया गया है। जिससे वे संक्रमण पर काबू पाने के लिए अपनी कार्ययोजना के साथ तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि अस्पताल कर्मचारियों, स्वास्थ्य मैनेजमेंट, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस को सतर्क कर दिया गया है। उन्हें योजना के साथ तैयार रहने को कहा गया। वे कोरोना केस की संख्या में वृद्धि देखते हुए अपने क्षेत्रों में कार्रवाई कर सकते है।

# नदी पार करने के प्रयास मे तीन महिलाओं की मौत - मन्दसौर



मंदसौर जिले में चंदवासा चौकी क्षेत्र के ग्राम तोलाखेड़ी में चंबल नदी का बेकवाटर पार कर दर्शन करने जा रही तीन महिलाओं की नदी में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर कुछ ही देर में तीनों महिलाओं के शव बाहर निकाल लिए। मृतिकाओं में दो सगी बहनें और एक बहू शामिल है। एक साथ तीन महिलाओं की मौत के बाद तोलाखेड़ी गांव में मातम पसर गया। मिली जानकारी के अनुसार तोलाखेड़ी से तीनों महिलाएं नदी पार कर ग्राम बर्डिया ऊंचा में स्थित मंदिर में दर्शन करने जा रही थी। दोनों बहनों का मायका भी बर्डिया ऊंचा गांव में ही है।ग्राम तोलाखेड़ी निवासी सगी बहनें 55 वर्षीय मोहनबाई पत्नी गोपाल धनगर और 53 वर्षीयरामीबाई पत्नी रमेश धनगर बहू 32 वर्षीय कारीबाई पत्नी गोवर्धन धनगर के साथ चंबल नदी के जलभराव क्षेत्र को पार कर बर्डियां ऊंचा जा रही थी। तभी अचानक गड्ढा आने से तीनों गहरे पानी में चली गई और उनकी मौत हो गई है। आसपास मौजूद लोगों को जैसे ही महिलाओं के डूबने की जानकारी मिली तो चंदवासा चौकी पर सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों के छानबीन करने के कुछ देर बाद ही तीनों महिलाओं के शव नदी से बरामद हुए। पुलिस ने शवो का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। तोलाखेड़ी में पसरा मातम कुछ ग्रामीणों ने डूबती हुई महिलाओं को देखकर उनको बचाने भी दौड़े पर प्रयास सफल नहीं हो पाए। महिलाओं को ढूंढने के दौरान तीनों के शव ही मिले। एक ही गांव के एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत होने पर गांव में मातम पसर गया है।

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्या समाग्री बीना अनुमती प्रकाशित करना दण्डनीया अपराध होगा, विवादो न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा।